ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, रविवार 03 नवम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 240

श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड ब्लास्ट, 12 घायल:उमर बोले- हमलों से परेशान हूं; कल यहीं सेना ने एक आतंकी को मार गिराया था



24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर. जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (TRC) के नजदीक संडे मार्केट में रविवार को ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इसमें 12 लोग घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

श्रीनगर में पिछले 2 साल में यह दो दिन में लगातार दूसरी आतंकी वारदात है। 2 नवंबर को खान्यार इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया था। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 4 जवान भी घायल हुए थे।

शनिवार को अनंतनाग में भी सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर किया था। एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई। वहीं दूसरा अरबाज अहमद मीर था। दोनों को पाकिस्तान में ट्रेनिंग मिली थी।

CM अब्दुल्ला बोले- निर्दोषों पर हमले का कोई औचित्य नहीं

घटना पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, "पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ की खबरें सुर्खियों में हैं। श्रीनगर के संडे मार्केट में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द लगातार हो रहे हमलों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।

LG सिन्हा बोले- नागरिकों को निशाना बनाने पर आतंकियों को भारी कीमत चुकानी होगी

LG मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में ग्रेनेड हमले के बारे में DGP नलिन प्रभात और सुरक्षा एजेंसियों के सीनियर अधिकारियों से बात की। सिन्हा ने कहा, नागरिकों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सुरक्षा एजेंसियां आतंकी संगठनों और उनके मंसूबों को कुचलने के लिए पूरी तरह से आजाद हैं।

CM योगी को धमकी देने वाली महिला मुंबई से अरेस्ट लिखा था- इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे



24 न्यूज अपडेट

उत्तर प्रदेश. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम फातिमा खान (24) है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे।

महिला ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि सूत्रों ने बताया कि महिला संपन्न परिवार से है। काफी पढ़ी-लिखी है। पुलिस ने उसे कहां से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा नहीं किया है।

दरअसल, शनिवार को मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला था। इसके बाद ही मुंबई पुलिस ने यूपी पुलिस को सूचना देने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी। इस मसले पर दैनिक भास्कर ने यूपी पुलिस के एक सीनियर पुलिस अफसर से बात की। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस इसकी जांच कर रही है। शुरुआती जांच में यह भी पता चला है कि महिला मानसिक तौर पर स्वस्थ्य नहीं है। हालांकि सीएम योगी से जुड़ा मामला है, इसलिए मुंबई पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

12 अक्टूबर को हुई थी बाबा सिद्दीकी की हत्या

12 अक्टूबर को दशहरे के दिन मुंबई में NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। वे बेटे जीशान के दफ्तर के बाहर निकले थे। तभी उन पर 6 गोलियां चलाई गईं। 2 गोली सिद्दीकी के पेट पर और एक सीने पर लगी। उन्हें तुरंत लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात 11.27 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली।

अमेरिका ने भारत की 19 कंपनियां बैन कीं आरोप- ये रूस को युद्ध का सामान दे रहीं; भारत बोला- हम UNSC के नियमों को मानते हैं



24 न्यूज अपडेट

वॉशिंगटन. अमेरिका ने 19 भारतीय कंपनियों पर रूस को डिफेंस से जुड़ा सामान उपलब्ध कराए जाने के आरोप लगाते हुए प्रतिबंध लगाए हैं। इन पर भारत ने शनिवार को सफाई दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, "हमने भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों की रिपोर्ट देखी है। हम डिफेंस एक्सपोर्ट से जुड़े मामले में UNSC के नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं। रणधीर ने कहा, "19 कंपनियों ने किसी भारतीय कानून का उल्लंघन नहीं किया है।" उन्होंने कहा कि हम सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर कंपनियों को एक्सपोर्ट नियमों के बारे में जागरूक करने का काम कर रहे हैं।

दरअसल अमेरिका ने भारत के अलावा रूस, चीन, मलेशिया, थाईलैंड, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे एक दर्जन से ज्यादा देशों की 398 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस को साजो-सामान उपलब्ध करवा रही हैं, जिनका इस्तेमाल रूस युद्ध में कर रहा है। इनमें से ज्यादातर कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सप्लायर हैं; जबकि कुछ कंपनियां विमान के पुर्जे, मशीन टूल्स आदि भी सप्लाई करती हैं।

अमेरिका ने एक बयान जारी कर कहा है कि उनके विदेश, ट्रेजरी और वाणिज्य विभाग ने ये प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने रूसी रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारियों और रक्षा कंपनियों पर भी राजनयिक प्रतिबंध लगाए हैं। उनके मुताबिक, इस प्रतिबंध का उद्देश्य तीसरे पक्ष के देशों को सजा देना है।

भारतीय कंपनियों पर क्या आरोप लगे हैं?

अमेरिकी विदेश विभाग ने 120 कंपनियों की लिस्ट तैयार की हैं। इसमें भारत की चार कंपनियां भी शामिल हैं। इसमें इनके खिलाफ लगे आरोपों का विवरण भी दिया गया है। इन चार कंपनियों में एसेंड एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मास्क ट्रांस, TSMD ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड और फुट्रेवो शामिल है।

ईरान के तेहरान में निर्वस्त्र होकर घूमने लगी छात्रा:पुलिस ने हिरासत में पीटा; यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रोटेस्ट में उतारे थे कपड़े

24 न्यूज अपडेट

ईरान. ईरान की राजधानी तेहरान में एक छात्रा के निर्वस्त्र होकर घूमने का मामला सामने आया है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक यह घटना शनिवार को तेहरान की आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड रिसर्च में हुई। यहां यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रोटेस्ट में अपने कपड़े उतार दिए। निर्वस्त्र घूमने के कुछ देर बाद ही ईरानी पुलिस ने छात्रा को हिरासत में ले लिया। ईरानी न्यूजलेटर अमीर कबीर के मुताबिक हिरासत में लेने के दौरान छात्रा के साथ मार-पीट भी हुई। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्रा को यूनिवर्सिटी के आस-पास घूमते हुए देखा जा सकता है।

2022 में हुए थे हिजाब विरोधी प्रदर्शन

ईरान में 2022 में कुर्दिस्तान प्रांत की रहने वाली 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। अमीनी को ईरान की मॉरैलिटी पुलिस ने हिजाब को सही तरीके से नहीं पहनने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद डिटेंशन सेंटर ले जाते वक्त मॉरैलिटी पुलिस ने अमीनी के कपड़े फाड़ दिए थे और उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद अमीनी की अस्पताल में मौत हो गई थी। मौत के बाद कुर्दिस्तान से लेकर तेहरान तक में मॉरैलिटी पुलिस के विरोध में प्रदर्शन हुए थे।

अमीनी के जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। जनाजे में शामिल महिलाओं ने विरोध में अपने हिजाब उतार दिए थे। हिजाब के खिलाफ प्रोटेस्ट के दौरान कई महिलाओं ने अपने बाल तक काट दिए थे। प्रोटेस्ट के दौरान



551 लोगों की मौत हुई थी और हजारों लोग गिरफ्तार किए गए थे।

यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता अमीर महजोब ने X पर पोस्ट कर बताया कि छात्रा की हालत मानसिक तौर पर ठीक नहीं है। वह मानसिक दबाव में है और उसे दिमागी बीमारी है।

दावा- छात्रा का हिजाब और कपड़े खींचे गए

कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि छात्रा के साथ बसीज मिलिशिया के सदस्यों ने गलत व्यवहार किया था। उसका हिजाब और कपड़े खींचे गए थे। दरअसल, ईरान में महिलाओं के कपड़ों को लेकर सख्त ड्रेस कोड लागू किया गया है। इसके मुताबिक महिलाओं को पब्लिक प्लेस पर हिजाब और ढीले कपड़े पहनना अनिवार्य है। ऐसे में छात्रा के इस कदम को ईरान की सत्ता के खिलाफ आवाज उठाने के तौर पर देखा जा रहा है।

दूसरी तरफ ईरान के सरकारी मीडिया फार्स न्यूज एजेंसी ने दावा किया कि छात्रा ने ढंग से कपड़े नहीं पहने थे। इसके बाद जब सुरक्षा गार्ड्स ने छात्रा को चेतावनी दी, तो छात्रा ने कपड़े उतार दिए। सरकारी मीडिया के मुताबिक गार्ड्स ने शांतिपूर्वक ढंग से बात की थी।

रणथंभौर नेशनल पार्क के टाइगर टी-86 की मौत:मुंह पर चोट के निशान, वीडियो में आसपास बड़े पत्थर पड़े हुए दिख रहे



24 न्यूज अपडेट

रणथंभौर नेशनल पार्क के टाइगर टी-86 की मौत हो गई है। टाइगर का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में शरीर पर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। टाइगर के चारों तरफ बड़े-बड़े पत्थर पड़े दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में टाइगर के मुंह पर धारदार हथियार से कटने के चोट के निशान भी हैं। आशंका जताई जा रही है कि पत्थरों से बाघ को मारा गया है, लेकिन वन विभाग इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है।

PCCF (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) अरिजीत बैनर्जी ने भास्कर से कहा- बाघ की डेड बॉडी रिकवर हुई है, कल पोस्टमार्टम होगा, उसके बाद ही मौत के असली कारणों का पता लग सकेगा। टाइगर टी-86 की उम्र करीब 14 साल बाघ टी-86 को बाघिन लाडली टी-8 ने जन्म दिया था। टाइगर की उम्र 14 साल थी। जो जोन नंबर एक और दो में रहता था। टेरेटरी फाइट के चलते जोन एक और दो से निकलकर टी-86 ने नॉन टूरिज्म इलाके में अपनी टेरेटरी बना ली थी।

एक दिन पहले युवक को टाइगर ने मारा था

वहीं, एक दिन पहले शनिवार को बाघ के हमले में भरत लाल मीणा पुत्र रामकल्याण मीणा निवासी उलियाना की मौत हो गई थी। भरत लाल रणथंभौर नेशनल पार्क की दीवार से सटे खेत में अपनी बकरियां चरा रहा था। शाम करीब साढ़े चार बजे टाइगर ने उस पर हमला कर दिया था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। टाइगर शव को लेकर करीब 20 मिनट तक बैठा रहा था। हालांकि यह पता नहीं चला है कि उस युवक को किस बाघ ने मारा था।

संपादकीय : जनगणना पर राजनीति

जनगणना पर राजनीति ने इसकी उपयोगिता और गुणवत्ता के बारे में स्थिर मन से ठोस चिंतन करने पर ताला लगा दिया है। अब तक की पंद्रह जनगणनाओं में आठ औपनिवेशिक काल में और सात स्वतंत्रता के बाद हुई। पहली व्यवस्थित जनगणना 1872 में हुई थी । सामान्यतया जनगणना का तात्पर्य जनसंख्या और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का तुलनात्मक आंकड़ा जमा करना होता है। पर यह पूर्ण नहीं है। स्वतंत्रता से पूर्व 1872 से 1941 तक और बाद की जनगणनाओं में 1951 से 2011 तक की जनगणनाओं के अंतर देखा जा सकता है। अंग्रेजों की नीयत चाहे जो भी हो, उस कालखंड में जनगणना का तरीका, जनगणना करने वालों का शैक्षणिक स्तर और देश के सामाजिक- सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन के अध्ययन के आयाम तब वर्तमान से बिल्कुल भिन्न थे। दुर्भाग्य से इन बातों पर गौर किया ही नहीं गया। स्वतंत्र भारत में जनगणना को लिपिकीय काम की तरह देखा गया। परिणामतः इसकी उपेक्षा स्वाभाविक थी। यह राज्य का रचनात्मक नहीं, रूटीन उपक्रम बनकर रह गया। राजनीतिकों की तो रुचि सिर्फ उन आंकड़ों में होती है, जो उनका राजनीतिक स्वार्थ साधता है, लेकिन चिंता का विषय तो समाजशास्त्रियों और नौकरशाही द्वारा भी इसकी उपयोगिता नहीं समझना है। अगर यह कहा जाए कि स्वतंत्र भारत में जनगणना करने वाले अधिकारी इसे बोझ की तरह देखते रहे, तो यह अतिशयोक्ति न होगी। जनगणना तो साम्राज्यवादी शासन के दौरान भी राज्य का उपक्रम था। मगर जनगणना करने वाले इसमें रम जाते थे। साम्राज्यवादियों ने प्रशासन का उपयोग इसके लिए बेहतरीन तरीके से किया। प्रशासनिक सेवा में जो लोग आते हैं, वे पहाड़ या जंगल में शारीरिक श्रम द्वारा नहीं, बल्कि मनोयोग से अध्ययन करके आते हैं। तब उन्हें उनकी रुचि के आधार पर जनगणना में लगाया गया। मगर स्वतंत्र भारत में प्रशासनिक अधिकारियों को एक ही प्रकार से हांका जाने लगा। परिणामस्वरूप, वे फाइलों, आदेशों, सुविधाओं के दास बनकर रह गए। अपवाद भी दम तोड़ते रहे। रुचि, अध्ययन और मनोदशा के अनुसार काम बांटने की परिपाटी विकसित ही नहीं हुई। औपनिवेशिक काल तक की जनगणनाओं में असाधारण प्रतिभा वाले प्रशासकों का योगदान रहा। यह जनगणना रपटों में साफ झलकता है। इसे कुछ उदाहरणों से जाना जा सकता है। 1901 में बंगाल प्रांत के जनगणना अधीक्षक इए गेट थे । वे 1911 में देश के जनगणना आयुक्त बने। लिखना-पढ़ना, सर्वे उनका प्रिय काम था। 1906 में उन्होंने 'असम का इतिहास' नामक प्रसिद्ध पुस्तक लिखी थी। उसी वर्ष देश के जनगणना आयुक्त एचएच रीजले थे, जो चार खंडों में प्रकाशित 'ट्राइब्स एंड कास्ट आफ बंगाल' पुस्तक के लेखक थे। वे प्रशासक होने के साथ एक एथनोग्राफर (मानव जाति का अध्ययनकर्ता) भी थे। 1931 के जनगणना आयुक्त जेजे हट्टन मानव विज्ञानी थे। नगा जनजाति पर उनकी छह पुस्तकें हैं। उनका अकादमिक झुकाव इसी बात से समझा सकता है कि 1936 में प्रशासनिक सेवा से इस्तीफा देकर कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में प्राध्यापन करने लगे। सभी प्रांतों के जनगणना अधीक्षक वही अधिकारी होते थे, जिनमें विषय की समझ होती थी। बिहार, बंगाल, ओड़ीशा और सिक्किम के जनगणना अधीक्षक (1911) एलएसएस ओ मेली कई पुस्तकों के लेखक थे, जिसमें एक 'पापुलर हिंदूइज्म 'द रीलीजन आफ मासेज' भी है। वे सभी स्वयं दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों के बीच महीनों व्यतीत करते थे और भारत की विविधता को अपने तरीके से समझ का हिस्सा बनाते रहे। सूक्ष्म सांस्कृतिक चेतना, लोगों का स्वभाव, परंपराओं में अंतर का कारण, अध्यात्म के विविध स्वरूपों आदि का बारीकी से अध्ययन जनगणना रपट का हिस्सा बनता रहा। जमीन पर काम करने Sun, 03 November 2024 वालों का दो वर्ष पूर्व से प्रशिक्षण शुरू हो जाता था । रोचक प्रश्न है कि साम्राज्यवादियों ने ऐसी जनगणना दूसरे उपनिवेशों में क्यों नहीं की? इसका कारण देश में हर स्तर पर स्वतःस्फूर्त विविधता थी। गंभीर प्रश्नों पर तथ्यों के आधार पर बेबाक बातें रपट में लिखी जाती रहीं। 1931 में संयुक्त प्रांत, आगरा और अवध के जनगणना अधीक्षक एसी टर्नर थे। उन्होंने जनगणना रपट में विस्तार से प्रकाश डाला कि 'भारत में धर्म' की जो अवधारणा है, वह पश्चिम के 'रिलीजन' की परिभाषा से मौलिक रूप से भिन्न है। 1872 में जनगणना आयुक्त बौरडीलीयोन ने रपट में सवाल खड़ा किया था कि 'हिंदू कौन है?' आगे सभी जनगणनाओं में विश्लेषण चलता रहा। मेली ने लिखा कि 'किसी खास एक व्यक्ति को हिंदू धर्म की शुरुआत करने वाला नहीं कहा जा सकता है। हट्टन ने जनगणना रपट में कहा, 'एक ही विश्वास को साझा करना हिंदू समाज की बाध्यता नहीं है।' सूक्ष्म परंपराओं, विवाह की पद्धतियों में अंतर, विधवाओं की संख्या का कारण, आध्यात्मिक परिपाटियों में भिन्नता आदि को ढूंढ-ढूंढ़ कर रपट में डाला जाता था। कोलकाता के एक काली मंदिर में 'फिरंगी मंदिर' का उल्लेख है। ऐसा इसे इसलिए कहा जाता था, क्योंकि उसमें यूरोपीय दर्शन करने जाते थे। उसी तरह नागौर में मुसलमान 'अल्ला-भगवान' की प्रतिमा बनाकर जुलूस निकालते थे। न्यूनताएं भी उल्लेखित होती थी। 1921 में विधवाओं की विस्तृत सूची में बताया गया कि एक वर्ष से कम आयु की 594 और एक से दो वर्ष के बीच की 497 बच्चियां विधवा थीं। 1901 के बंगाल की जनगणना रपट में मुसलिम जमींदारों और व्यावसायियों द्वारा उनके यहां कार्यरत गरीब हिंदू महिलाओं से धर्मांतरण के उद्देश्य से विवाह की सूची दी गई। जनगणना का एक सभ्यताई परिप्रेक्ष्य होना चाहिए। परंपराओं और लघु संस्कृतियों को समाजशास्त्रीय दृष्टि से देखना जनगणना को पूर्णता देता है। राष्ट्र निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। इसमें गुण-दोष की खोज और समाधान के रचनात्मक रास्तों के अन्वेषण के लिए जनगणना को अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। पर ऐसा होता नहीं है। हमने पीढ़ियों को प्रभावित करने वाले प्रश्नों को भी राष्ट्रीय दृष्टि और संवैधानिक जिम्मेदारी के भाव से देखने की आदत ही नहीं डाली है। बांटकर चीजों को देखने, सतही तरीके से निपटाने और परिणाम के प्रति उदासीन रहने जैसी प्रवृत्ति जनगणना पर भारी पड़ रही है। जनगणना लिपिक कार्य नहीं, राज्य की सर्वोत्तम प्रतिभा की परीक्षा की तरह होनी चाहिए।

कार-बाइक भिड़ंत, 2 भाई सहित नाबालिग बेटी की मौत:उदयपुर-पिंड़वाड़ा नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा, बाइक पर सवार थे 2 भाई और नाबालिग बेटी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर के गोगुंदा थाना क्षेत्र में उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर घसियार मंदिर के पास फॉर्चूनर कार की टक्कर से बाइक सवार नाबालिग बच्ची सहित दो सगे भाईयों की मौत हो गई। हादसा शाम करीब 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार बाइक से करीब 15 फीट दूर उलछकर जा गिरे। उनके सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोट लगी। तीनों खून से लहुलूहान हो गए। हॉस्पिटल ले जाते वक्त तीनों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर ईसवाल चौकी प्रभारी एएसआई गोपाल सिंह जाब्ते के साथ पहुंचे और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। हाईवे पर पड़े घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जिसके बाद डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि हादसे में दो भाई और उनमें एक भाई के नाबालिग बेटी की मौत हो गई। आसूराम(25) पुत्र सवाराम गमेती और उनकी बेटी(7) पिंटा पुत्री आसूराम गमेती, आसूराम का छोटा भाई वालूराम(25) पुत्र सवाराम गमेती की मौत हो गई। बाइक पर सवार तीनों झालों का गुड़ा गांव के निवासी हैं। मृतक का शव गोगुंदा सरकारी हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों को सूचना दे दी है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार है जिसकी तलाश जारी है।

गाड़ी रुकवाकर मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार:शराब पीने के पैसे नहीं देने पर की मारपीट, गाड़ियों के शीशे तोड़े



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने शनिवार रात के समय बलवाड़ा गामड़ी रोड पर गाड़ियों को रोककर शराब पीने के पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर मारपीट और पथराव की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात के समय बलवाड़ा से गामड़ी रोड पर वारदात हुई थी। प्रवीण पुत्र मावजी डोडा भील निवासी बौखला फला लांबादरा ईको कार लेकर रामसागडा से घर जा रहा था। बलवाड़ा घाटा में बदमाशों ने उनकी कार को रोक लिया। बदमाशों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने गाड़ी की चाबी निकाल ली और लात घूसों से मारपीट की। गाड़ी पर पत्थर मारे जिससे कांच फूट गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। कोतवाली ओर रामसागडा थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर आरोपियों की तलाश करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नारायण (41) पुत्र कालू बरंडा मीणा निवासी बलवाड़ा फला आगनियां ओर रणछोड़ (43) पुत्र कालू बरंडा मीणा ने वारदात कबूल कर ली है। आरोपियों ने एक बोलेरो कैम्पर पर भी पथराव कर कांच फोड़ने की वारदात कबूल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

खेत में किसान की बॉडी के टुकड़े-टुकड़े हुए:फसल काटने के लिए धनतेरस पर रोटोवेटर मशीन खरीदी थी, उसी में फंसकर जान गई



24 न्यूज अपडेट

आमेट (राजसमंद). धनतरेस पर खरीदी नई रोटोवेटर मशीन से फंसकर किसान की जान चली गई। फसल काटने के दौरान यह हादसा हुआ। उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। बॉडी के टुकड़े मशीन में भी फंसे थे। बड़ी मुश्किल से उन टुकड़ों को निकाला गया। दिल दहला देने वाली यह घटना राजसमंद जिले के आमेट इलाके में हुई है। आमेट कस्बे के जेतपुरा पंचायत के सेंगनवास गांव के रहने वाले नारायण गुर्जर (32) पुत्र छग्गू गुर्जर शनिवार की रात करीब 8 बजे अपने फूफा लहर गुर्जर के खेत में चारा काट रहे थे। फूफा भी साथ में ही थे। तभी लहर गुर्जर चाय लाने के लिए घर चले गए। नारायण खेत में अकेले ही रह गए। रोटोवेटर मशीन में कुछ चारा फंस गया। ट्रैक्टर रोक कर नारायण चारा निकालने का प्रयास कर रहे थे। तभी नारायण खुद मशीन में फंस गए। रोटोवेटर के अंदर लगी ब्लेड (लोहे की पत्ती) से उनके टुकड़े-टुकड़े हो गए। खेत में चाय लेकर आए फूफा के उड़े होश थोड़ी देर के बाद फूफा लहर गुर्जर चाय लेकर खेत पर पहुंचे। वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। नारायण की बॉडी के टुकड़े मशीन में फंसे थे। सूचना पर परिजन दौड़कर खेत में पहुंचे। इसके बाद पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। मशीन को खोलकर कड़ी मशक्कत के बाद शव और उसके टुकड़ों को बाहर निकाला गया। प्लास्टिक के तिरपाल में शव के टुकड़ों को इकट्ठा किया गया। इसके बाद इन्हें केलवा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

पूरे गांव में शोक की लहर

घटना के समय गांव में खेखरे (बैलों की पूजा) का कार्यक्रम चल रहा था और सभी गांव वाले वहीं थे। जैसे ही इस घटना की सूचना मिली, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। 98 हजार रुपए में खरीदी थी नई मशीन स्थानीय लोगों ने बताया कि नारायण गुर्जर ने धनतेरस पर ही 98 हजार रुपए में नई रोटोवेटर मशीन खरीदी थी। वह खेती से ही जीवनयापन कर रहे थे। नारायण का एक छोटा भाई है, जो खेती करता है। नारायण के एक 8 साल का बेटा है।

एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार, 6 मोबाइल 7 सिम कार्ड व बोलेरो कैंपर जप्त



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. सलूंबर। सलूंबर थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस के नाम से धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजेश कुमार यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा, वृत्ताधिकारी हेरम्ब जोशी के निर्देशन में थानाधिकारी मनीष कुमार खोईवाल मय जाबता ने गणेश घाटी पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक बिना नंबर की बोलेरो केपर को चेक किया तो गाड़ी के अंदर बैठे तीन लड़कों ने अपना मोबाइल छुपाने लगे। पुलिस को शक हुआ और जांच की तो युवक मोबाइल पर इंस्टाग्राम व टेलिग्राम के माध्यम से लड़कियों की फोटो डालकर ग्राहक फंसाने का कार्य कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने पवन पिता देवीलाल पटेल निवासी इटालीखेड़ा , मुकेश पिता नाथ पटेल निवासी इटाली खेड़ा व महेंद्र कुमार निवासी इटाली खेड़ा को गिरफ्तार किया । आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल 7 सिम कार्ड व बोलेरो कैंपर जप्त किया है। वहीं पुलिस ने एक विधि सघर्षरत नाबालिक को डिटेल किया है। पुलिस ने बताया कि इस्टाग्राम आईडी व टेलिग्राम एकाउंट की मदद से भिन्न-भिन्न व्यक्तियों से चेटिंग कर लड़कियों की फोटो भेज कर झांसा देना पाया गया तथा आपराधिक कृत्य कर ग्राहकों को मोबाइल से झांसे में लेकर रुपर्यो को स्वयं के खाते में डलाकर स्वयं को लाभ एंव ग्राहकों को नुकसान पहुंचाना पाया गया। उक्त कार्रवाई में थानाधिकारी मनीष खोईवाल , निलेश कुमार, प्रवीण सिंह, विक्रम सिंह, अशोक व गणेश राम की अहम भूमिका रही।

मिशन सुपर ह्यूमन : मानव जीवन में आकर छः से कुछ अधिक आईक्यू पर सेटल होना, घाटे का सौदा


संदीप खमेसरा

24 न्यूज अपडेट

अमेरिकी स्टार्टअप हेलियोस्पेक्ट जीनोमिक्स ऐसे बच्चे पैदा करने में मदद कर रही है, जिनका आईक्यू 6 अंकों से भी अधिक तक बढ़ सकता है। माता पिता द्वारा दिए गए आनुवांशिक डेटा का विश्लेषण कर विशिष्ट एल्गोरिदम के प्रयोग से इसे संभव करने का दावा किया जा रहा है। यूजीनिक्स के जरिए भावी पीढ़ी को जेनेटिक आधार पर सुधारने का यह प्रयोग है। हालांकि, कई एक्सपर्ट्स इसके नतीजों को जोखिमपूर्ण भी बता रहे हैं। विज्ञान के प्रयोग सतत जारी रहेंगे...शायद पृथ्वी के खात्मे तक!! आईक्यू लेवल बढ़ाने का सीधा तरीका है 'ज्ञान'। ऊपरी या बाहरी ज्ञान नहीं! वह ज्ञान, जो भीतर से पैदा होता है। चौबीस जैन तीर्थंकरों या भगवान बुद्ध के चित्र पर कभी ध्यान दिया है? उनके सर पर घुंघराले बालों जैसा जो दिखाई देता है, वह क्या है? निश्चित ही वे बाल नहीं हैं। वह प्रतीक है पूरी तरह से खुले हुए सहस्त्रार का! खुला हुआ सहस्त्रार, ज्ञान की चरमोत्कर्ष सीमा है, जिससे भूत, वर्तमान और भविष्य का समूचा ज्ञान हो जाता है। खुला हुआ सहस्त्रार, त्रिनेत्र को भी खोल देता है जिससे समस्त कालखंड की घटनाएं देखी जा सकती हैं। जैन इसे केवलज्ञान कहते हैं और बौद्ध इसे आत्मज्ञान! इस देश ने हर कालखंड में ऐसे हजारों लाखों ऋषि मुनि दिए हैं, जो अपने तपोबल से ज्ञान की चरम अवस्थाओं को प्राप्त हुए! कई कई ग्रंथों की रचना उन्होंने की, जो हर देश काल और परिस्थिति में सर्वमान्य है। जीवन को आनंदपूर्ण जीने से लगाकर मुक्ति तक के सूत्र अपने ज्ञान के आधार पर ही तो दे पाए, जो आज तक प्रासंगिक हैं।

मस्तिष्क में ज्ञान का अनंत भंडार भरा पड़ा है। यह अनंत काल की स्मृतियों, अनुभवों, संवेदनाओं और ज्ञान की प्रचुरताओं को समेटे हुए है। मस्तिष्क में बंद इस खजाने के पिटारे तक पहुंचने का मार्ग रीढ़ की हड्डी से होकर जाता है। साधना में इसीलिए इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। रीढ़ की हड्डी में इड़ा और पिंगला नाड़ियों को साधने से सुषुम्ना नाड़ी सक्रिय होती है। इसकी पहुंच मस्तिष्क के उन बंद पड़े खजाने तक होती है। सुषुम्ना के माध्यम से सांसों की चोट जब लगातार इनपर पड़ती है, तब इन खजानों के द्वार क्रमशः खुलने लगते हैं। शास्त्र कहते हैं, मस्तिष्क में हजार कमलदल हैं। इसीलिए इसे सहस्त्रार कहते है। ये प्रायः बंद रहते हैं। तप और साधना से यह खुलने लगते हैं। जैसे कमल का फूल खिलता है। इसी से ज्ञान अवतरित होने लगता है। बाहर से जानकारी (नॉलेज) प्राप्त की जा सकती है, लेकिन ज्ञान का द्वार भीतर से ही खुलता है। पूरा सहस्त्रार खुलने का अर्थ केवलज्ञान है, आत्मबोध है, संबोधी है। ...और जिसे स्वयं का बोध हो गया, वह बुद्ध है! मानव जीवन में आकर छः से कुछ अधिक आईक्यू पर सेटल होना, घाटे का सौदा प्रतीत होता है। और वह भी इतने कोहराम के बाद, जिसमें जोख़िम की प्रचुरता है! टटोलिए और खंगालिए पुरातन पद्धतियों के द्वार! एक बड़े संकल्प, और स्वयं को जानने की प्यास लिए पकड़ना होगा तप और साधना का कोई मार्ग, जिससे भीतर के ज्ञान पर से पर्दाफाश हो जाएगा। इसके उपरांत जिस स्पष्टता का अविर्भाव होगा उससे बड़े बड़े आईक्यू वाले भी पीछे रह जाएंगे।

RRB की भर्ती परीक्षाओं का फुलटाइम शेड्यूल जारी:10 दिन पहले सेंटर की मिलेगी जानकारी, 4 दिन पहले जारी होंगे ई-कॉल लेटर



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) की ओर से आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं का फुलटाइम शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। इसमें एएलपी, आरपीएफ (एसआई), टेक्निशियन, जेई व अन्य परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है। परीक्षाएं इसी माह से शुरू होंगी।

रेलवे भर्ती बोर्ड के अनुसार इन परीक्षा तिथियों के अनुसार सफल रहे आवेदकों को परीक्षा से 10 दिन पहले परीक्षा केन्द्र के शहर व तिथि व शिफ्ट की जानकारी दे दी जाएगी। साथ ही पात्र अभ्यर्थियों को यात्रा पास जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षा से 4 दिन पहले ई-कॉल लेटर जारी किया जाएगा।

परीक्षा की संभावित तिथियां बदली

रेलवे में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले युवा लम्बे समय से परीक्षाएं आयोजित किए जाने का इंतजार कर रहे थे। अब ये इंतजार समाप्त हो गया है। रेल मंत्रालय ने लम्बे इंतजार के बाद विभिन्न भर्ती परीक्षाओं का फुलटाइम शेड्यूल जारी कर दिया है।

इसमें रेल मंत्रालय ने सहायक लोको पायलट (एएलपी), रेलवे सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर (एसआई), टेक्निशियन, जूनियर इंजीनियर जेई, सीएमए व धातुकर्म पर्यवेक्षक के पदों के लिए परीक्षा तिथियां घोषित कर दी हैं।रेल अधिकारियों के अनुसार एक ही दिन में 3 शिफ्ट में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। सबसे लम्बी परीक्षा टेक्नीशियन के पदों के लिए चलेगी। जबकि जेई की परीक्षा 3 दिन में ही करा ली जाएगी।

चोरी की आशंका, पकड़े गए दो नाबालिग और तीन युवक:धारदार हथियार भी मिले, पुलिस बोली - कुछ संदिग्ध नहीं था



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. भदेसर थाना क्षेत्र के पारलिया गांव में एक बाइक पर सवार दो नाबालिगों सहित पांच युवकों को धारदार हथियार के साथ देखा गया है। गश्त कर रहे ग्रामीणों ने पांचो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। उनके पास मिले धारदार हथियार के बारे में पूछने पर युवकों ने अलग-अलग बहाने बनाए। लेकिन सभी बहाने निराधार साबित होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों को हिरासत में ले लिया। वहीं, पुलिस का कहना है कि ऐसा कोई संदिग्ध मामला नहीं है।

धारदार हथियार के साथ मिले युवक

भदेसर थाना क्षेत्र के पारलिया गांव में ग्रामीणों द्वारा रोज गश्त लगाई जाती है। इस दौरान शनिवार देर रात एक ही बाइक पर दो नाबालिगों सहित पांच युवक घूमते हुए दिखे। उनमें से एक युवक के हाथ में धारदार हथियार भी मिला। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो एक युवक ने कहा कि वह किसी व्यक्ति से पुराना बदला लेने जा रहा था।

चोरी की आशंका के चलते सौंपा पुलिस को

ग्रामीण उन पांचो युवकों को लेकर बताएं हुए एड्रेस पर पहुंचे। बात करने पर पता चला कि वह व्यक्ति इनको जानता तक भी नहीं। ऐसे में ग्रामीणों को पांचो युवक संदिग्ध लगे। उनके चोर होने की आशंका के चलते ग्रामीणों ने इसकी सूचना भदेसर थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। देर रात को पुलिस ने दोनों नाबालिगों को डिटेन कर लिया और अन्य तीन युवकों को अपने हिरासत में ले लिया। रविवार सुबह जब पुलिस से इस बारे में जानकारी ली गई तो बीट अधिकारी विकास कुमार का कहना था कि ऐसी कोई विशेष बात नहीं है। चोरी जैसा कोई मामला है ही नहीं। सभी किसी से मिलने जा रहे थे, इसलिए पूछताछ कर उन्हें छोड़ दिया गया। सभी गरदाना, भदेसर के रहने वाले थे।

राजस्थान बोर्ड में बोनस को लेकर शिक्षा मंत्री को शिकायत:दीपावली पर बोर्ड कार्मिकों को दिए गए 35 हजार, सेक्रेटरी ने कहा-ये बोनस नहीं एक्सग्रेसिया



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में दीपावली के अवसर पर हर साल कार्मिकों को दी जाने वाली राशि को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ (अरस्तु) ने इसे लूट करार देते हुए शिक्षा मंत्री को शिकायत की है। बता दें कि इस साल बोर्ड कार्मिकों को यह राशि 35 हजार दी गई है।

अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ (अरस्तु) के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने मंत्री व शिक्षा सचिव का ध्यान बोर्ड के परीक्षा शुल्क के नाम पर की जा रही लूट की ओर आकर्षित कराते हुए इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। वहीं इस सम्बन्ध में बात करने पर बोर्ड के सेक्रेटरी कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि ये कोई बोनस नहीं, बल्कि एक्सग्रेसिया है, जो कर्मचारियों को प्रोत्साहन के लिए हर साल दीपावली पर दी जाती है।

यह भेजी गई शिकायत

शिक्षा मंत्री को जानकारी दी गई है कि बोर्ड ने प्रत्येक परीक्षार्थी से बोर्ड परीक्षा शुल्क के रूप में 600 रुपए लिए हैं। दावा किया गया है कि इस शुल्क में से बोर्ड के पास 300 से 400 रुपए प्रति छात्र परीक्षा शुल्क बच जाता है। विवरण में बताया गया कि उत्तर पुस्तिका जांच के लिए अधिकतम 15 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिका मानदेय दिया जाता है। यानी 6 उत्तर पुस्तिका के कुल 90 रुपए वीक्षक को मानदेय बोर्ड देता है।

प्रश्न पत्र मुद्रण प्रति छात्र के रूप में 5 रुपए होता है, 6 प्रश्न पत्र मुद्रण पर 30 रुपए प्रति छात्र। केंद्राधीक्षक 150, अतिरिक्त केंद्राधीक्षक 110 रुपए, एक परीक्षा केंद्र पर 100 से 400 या उससे अधिक छात्र परीक्षा में बैठते हैं तो 6 दिन का खर्च लगभग 12 रुपए प्रति छात्र आता है। मंत्रालयिक कर्मचारी पर व्यय 2 रुपए प्रति छात्र आता है जो 6 दिन के 12 रुपए होते हैं। कुल व्यय 168 रुपए प्रति छात्र है।

यदि अधिकतम 200 रुपए प्रति छात्र पर व्यय माना जाए और 600 में से 200 रुपए निकाल दिए जाएं तो भी बोर्ड के पास सीधे प्रति छात्र 400 रुपए की फीस बच रही है। यह गरीब बच्चों से अधिक वसूल की जा रही है। प्रत्येक वर्ष में सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी दोनों परीक्षा में करीब 20 लाख स्टूडेंट्स बैठते हैं।

ऐसे में हर साल बोर्ड करोड़ों रुपए की राशि बचा रहा है। छात्रों से परीक्षा शुल्क के रूप में वसूली गई फीस से बोर्ड ने समानता दर्शाते हुए सहायक कर्मचारी से लेकर शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी तक को 35 हजार रुपए प्रति कर्मचारी बोनस बांट दिया। इस पर रोक लगनी चाहिए।

बांग्लादेश ने दिया अडाणी को 7,118 करोड़ के बकाया का करंट, अब सप्लाई काट कर अडाणी देंगे रिटर्न करंट



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, ओवरसीज डेस्क। जब सब कुछ ठीक था तो यही पावर प्लांट देश की उपलब्धियों में शुमार था। अब द्विपक्षीय संबंधों में खटास है व बांग्लादेश में सरकारी बदल गई है तो करंट के पैसे चुकाने के बांग्लादेश को लाले पड़ रहे हैं। अब अडाणी की ओर से चार दिन का समय दिया गया है उसके बाद बत्ती गुल कर दी जाएगी। अडाणी पावर ने बिजली बिल का बकाया पेमेंट करने के लिए बांग्लादेश को चार दिन की मोहलत दी है व बांग्लादेश की बिजली आपूर्ति को भी घटाते हुए आधा कर दिया है। कंपनी अडाणी पावर झारखंड लिमिटेड ने 846 मिलियन डॉलर (करीब 7,118 करोड़ रुपए) बकाए का भुगतान नहीं होने पर यह कदम उठाया बताते हैं। बांग्लादेश के पावर ग्रिड के डेटा के मुताबिक एपीजेएल की ओर से तीन दिन पहले इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई में कटौती की गई है। इस कटौती से बांग्लादेश को 1,600 मेगावाट से ज्यादा की पावर कट का एक ही रात में सामना करना पड रहा है। इससे पहले अडाणी पावर ने बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को पत्र भेजा था जिसमें 30 अक्टूबर तक बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। कंपनी ने बकाया राशि का भुगतान करने और पेमेंट सिक्योरिटी के लिए 170 मिलियन डॉलर (करीब 1,450 करोड़ रुपए) का लेटर ऑफ क्रेडिट देने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय दिया था। लेकिन एपीजेएल का यह प्रपोजल एग्रीमेंट की शर्तों के हिसाब से नहीं था तो बात नहीं बनी। बांग्लादेश का कहना है कि पुराने बिल चुका दिए हैं, लेकिन जुलाई से अडाणी के चार्जेज हर हफ्ते 22 मिलियन डॉलर से ज्यादा हो गए हैं। इससे बकाया राशि बढ़ती जा रही है। आपको बता दें कि पिछले साल ही अडाणी ने शेख हसीना के साथ मुलाकात की तस्वीर शेयर की व कहा था कि '1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर-क्रिटिकल गोड्डा पावर प्लांट के फुल लोड शुरुआत और हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं भारत और बांग्लादेश की समर्पित टीमों को सलाम करता हूं, जिन्होंने कोविड का सामना करने के बाद भी साढ़े तीन साल के रिकॉर्ड समय में प्लांट को चालू कर दिया।'

ED अधिकारी के घर चोरी करने वाला पकड़ा:CCTV कैमरे चुराए थे



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. अजमेर में ईडी के अधिकारी के एक सूने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा चोरी करने व तोड़ने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अलवर गेट थाना पुलिस ने उसके घर से पकड़ा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। बता दें कि राजकोट में आरोपी के खिलाफ ईडी अधिकारी को धमकाने का मामला भी दर्ज है।

चोरी की नीयत से घर में घुसा था

पुलिस के अनुसार, केन्द्र सरकार के प्रवर्तन निदेशालय में राजकोट-गुजरात में पोस्टेड अधिकारी व एम डी कॉलोनी, नाका मदार अजमेर निवासी जय किशन हिंगोरानी ने बताया था कि 4 अगस्त को सुबह 11 बजे जब निवास स्थान पर लगे कैमरों का स्वयं के मोबाइल से देखा तो पता चला कि चार कैमरों में से दो कैमरे काम नहीं कर रहे है। पता किया तो पाया कि एक कैमरा तो तार काटकर चोरी किया गया और दूसरा कैमरा चोरी करने की नीयत से खींचा गया है और नहीं उखड़ने पर उसका तार काटकर कनेक्शन काटा गया।

इसके बाद पिछले दिनों की विडियो रिकॉर्डिंग मोबाइल पर देखी तो पता चला कि 28 जुलाई को एक संदिग्ध व्यक्ति मुंह पर कपडा बांधकर घर की रेकी कर रहा था और फिर वह घर में मेन गेट खोलकर अन्दर गया और जायजा लेकर फिर बाहर आया। इसके बाद वह घर की चार दीवारी के ऊपर लगे कैमरे की तरफ बढ़ा और इसी दौरान घर के बाहर लगे चंपा के पेड़ की टहनी तोड़ी जो कैमरे तक पहुँचने में बाधा बन रही थी। बाद में वह अपने हाथ में कुछ औजार लेकर पुनः घर के अन्दर घुस गया और उसके बाद दोनों कैमरा डिस्कनेक्ट हो गए।

जयपुर में दिलजीत का शो आज, फर्जी टिकट के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का आज जयपुर में शाम 6 बजे से एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में कॉन्सर्ट होने जा रहा है जिसका जबर्दस्त क्रेज है। इस शो के टिकट के लिए ईडी ने पिछले दिनों छापेमारी की थी। आज जयपुर पुलिस ने टिकटों को लेकरएडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि फर्जी टिकट खरीदने से बचें। दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में प्रवेश के लिए सही टिकट ही मान्य होंगे। जोमाटो लाइव और स्कोप एंटरटेनमेंट की ओर से बेचे गए टिकट ही वैध हैं। अन्य सभी अवैध हैं। इस कंसर्ट के लिए 200 से अधिक बाउंसर बुलाए गए हैं। कंसर्ट का क्रेज ऐसा है कि टिकट नहीं मिल रहे हैं वो 15 दिन पहले ही सेलआउट हो गए हैं। शो का नाम 'दिल-लुमिनाटी' है। टिकटों के बिक जाने के बाद भी अब कई लोग सोशल मीडिया पर टिकट बेच रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि उनके पास असली टिकट है। कुछ लोगों ने इंस्टाग्राम, टेलिग्राम सहित अन्य पेजों पर टिकट की सेल लगा रखी है। शो के टिकट 3 हजार से 20 हजार रुपए तक की रेंज के हैं मगर आज ब्लैक में इसकी कीमत 85 हजार तक पहुंच गई है। सबसे ज्यादा डिमांड फैन बेल्ट की है, जो स्टेज के सामने होता है। इस बीच कल दिलजीत दोसांझ रॉयल डिनर के लिए जयपुर के सिटी पैलेस गए। उन्होंने आमेर में मावठा के बाहर कबूतरों को दाना भी खिलाया। अजमेर की एक प्रोफेसर ने दिलजीत के कॉन्सर्ट के टिकट जयपुर के आर्या एंटरटेनमेंट से 85 हजार के टिकट लिए थे लेकिन टिकट की कन्फर्मेशन के बावजूद कल देर रात कंपनी की ओर से टिकट कैंसिल होने का ईमेल भेज दिया गया। दिलजीत कल ही जेईसीसी ग्राउंड भी गए व साउंड व सेटअप चेक किया। जेईसीसी में 15 से 16 हजार दर्शकों की क्षमता है। 3 हजार कार पार्क हो सकती हैं। शो में दर्शकों की एंट्री के लिए 6 गेट बनाए गए हैं। इसमें मल्टी लेयर सिक्योरिटी रहेगी।

हाईवे पर टमाटर के कैरेट से भरा ट्रक पलटा तो आ गए लूटने वाले



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. अजमेर। नसीराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर टमाटर से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। इसके पलटते ही ट्रक में भरे टमाटरों की पेटियां दूर-दूर तक बिखर गई। सड़क पर टमाटरों को देख कर लोगों में लालच आ गया और लूटपाट करने लग गए। राहगीरों में लूट तो मची ही गई, आस पास के लोगों को सूचना देने पर वे भी आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख कर टमाटर लूटने वाले लोग भाग छूटे। पुलिस के अनुसार नासिक से टमाटर भरकर ट्रक जम्मू कश्मीर जा रहा था। कानाखेड़ी गांव के निकट ट्रक असंतुलित हो गया और सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक घायल हो गया। उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया गया। हादसे के बाद सड़क पर बिखरे टमाटर को लूटने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर गई और लोगों को हटाया।

सर्वऋतु विलास से दिनदहाड़े बाइक चोरी

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट . उदयपुर. उदयपुर शहर में चोरों ने फिर धमाल मचाते हुए सूरजपोल थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चुरा ली। सीसीटीवी में दिख रहा है कि दो बदमाश घर के सामने खड़ी बाइक को चुरा कर ले जा रहे हैं। यह चोरी पॉश इलाके सर्वऋतु विलास कॉलोनी में हुई। यहां पर सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि दो युवकों ने घर के सामने खड़ी बाइक को चुरा लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रही है कि किस प्रकार से चोरों ने पहले आस पास की टोह ली व उसके बाद केवल तीन मिनट में ही बाइक को स्टार्ट करने का नाटक करते रहे। जब सब तरफ से पूरी तरह से आश्वस्त हो गए तो फिर फरार हो गए उसी बाइक पर। थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस हर घटना की तरह यहां भी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में लगी है। प्रार्थी महेश जोशी सरकारी स्कूल जोगी तालाब में प्रिंसिपल है। उन्होंने मीडिया से कहा कि उनके घर के सामने सुबह करीब 9 बजे उन्होंने बाइक खडी की थी। अवकाश होने से वे सुबह गुलाबबाग घूमने गए थे। वहां से लौटने पर घर के बाहर ही बाइक को पार्क कर दिया था। इसके 15 मिनट बाद बाहर आकर देखा तो बाइक नहीं दिखी। आस पास पूछा तो भी पता नहीं चला। इसके बाद जब उन्होंने सीसीटीवी में चेक किया तो युवक बाइक चोरी करते नजर आए।

भैया दूज पर सुबह 5.30 बजे झाड़ियों में से आई रोने की आवाज, देखा तो थी नवजात



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। झाड़ोल के ओडा कस्बे में हनुमान मंदिर के पास रविवार सुबह करीब 5.30 बजे झाड़ियों में नवजात के रोने की आवाज आई। इस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और देखा कि झाड़ियों में एक नवजात बालिका पड़ी हुई थी। शायद परिजन या कोई और उसे यहां पर छोड़कर चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि नवजात बालिका झाड़ियों में कपड़े में लिपटी हुई रखी हुई थी। ग्रामीणों ने तुरंत बालिका को पंचायत भवन पहुंचाया और उप सरपंच देवीलाल मेघवाल व सरपंच पति नाथूलाल गमार को सूचित किया। ओगणा पुलिस और चिकित्सा विभाग को सूचना देने पर झाड़ोल सीएचसी से टीम मौके पर आई। नवजात को झाड़ोल अस्पताल ले जाया गयां बालिका की जांच कर दवाइयां दी गईं। उसके बाद पालना गृह भेजा गया।

युवक के गले में हाथ डाल कर पकड़ा, चाकू से गोदा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के गामड़ी अहाड़ा अमूलवा फला में बाइक पर आए 2 बदमाशों ने एक युवक के गले में हाथ डाला, उसके बाद पेट में ताबड़तोड़ चाकू से वार कर उसकी जान ले ली। युवक पड़ोस में ही जन्मदिन के एक कार्यक्रम में गया हुआ था व वहां से वापस लौट रहा था। युवक मोरबी में काम करता था व दीपावली पर घर आया हुआ था। गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया व आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। थानाधिकारी गोपालनाथ के अनुसार कांति पुत्र रजिया डामोर मृतक के पिता है उन्होंने रिपोर्ट दी है कि बेटा पंकज डामोर (18) गुजरात के मोरबी में मजदूरी करता था। दीपावली पर 5 दिन पहले ही वह घर पर आया था। शनिवार शाम बेटा पंकज डामोर पड़ोस में सुरेश की छोटी बेटी भावना के बर्थडे पार्टी में कार्यक्रम को देखने गया। मां बाड़ी केंद्र स्कूल के पास से वह पैदल घर पर वापस लौट रहा था कि इसी दौरान एक बाइक पर राकेश डामोर निवासी कांकरादरा, थाना रामसागड़ा और राहुल कोटेड निवासी रातापानी, थाना रामसागड़ा वहां पर आए। बाइक से उतरते ही राहुल ने पंकज के गले में हाथ डाला व चाकू सीने और पेट में घुसाते हुए वार कर दिए। पंकज लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आरोपी वारदात करने के बाद बाइक से फरार हो गए। अचानक हुए घटनाक्रम से पंकज के साथ चल रहे अन्य युवक घबरा गए व रोना धोना मच गया। गंभीर घायल पंकज को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल ले गए मगर उसने तब तक दम तोड़ दिया। इसके बाद हंगामा हो गया व लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। रविवार सुबह ग्रामीण और रिश्तेदार मृतक युवक पंकज के घर इकठ्ठा हो गए। जनप्रतिनिधि और ग्रामीण परिजनों को समझाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों के कई ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन पकड़ में नहीं आए। मृतक पक्ष के आक्रोशित हुए लोगों ने आरोपियों को पकड़ने और मुआवजे की मांग की है तथा परिजन आरोपियों के घरों से कुछ ही दूरी पर डेरा डाल कर बैठ गए हैं। इस बीच दूसरा पक्ष भी दल बल के साथ तैयारी कर रहा है। दोनों पक्षों के बीच कई बार तनातनी का माहौल हो गया। अतिरिक्त जाब्ता तेनात कर स्थिति को काबू में करने का प्रयास किया जा रहा है।

सांवरा सेठ के मंदिर में लुटाए मालपुएःअन्नकूट पर 15 क्विंटल का लगाया भोग; दूर-दूर से दर्शन करने आए श्रद्धालु



24न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में अन्नकूट के दिन मालपुए लुटाने की अनोखी परंपरा है, जो बरसों से चली आ रही है। शनिवार को ठाकुर जी की विशेष आरती के बाद मंदिर में मालपुए लुटाए गए। उसके बाद देवकीसदन धर्मशाला में शनिवार को देर रात 2 बजे तक प्रसादी लेने वालों की भीड़ लगी रही। मंदिर के बाद गांव में मालपुए बांटे गए। 15 क्विंटल मालपुए गांव में जाकर लुटाए जिले के मंडफिया स्थित सुविख्यात श्रीसांवलिया जी मंदिर में शनिवार को अन्नकूट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मालपुए की लूट में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। मंदिर मंडल की ओर से 15 क्विंटल मालपुए बनाए गए थे। जिसके बाद मंदिर में ही लगभग 3 क्विंटल मालपुए लुटाए गए। मालपुए लुटाने के बाद लगभग 3 क्विंटल प्रसादी में बांटे गए। जबकि 9 क्विंटल मालपुए गांव में जाकर लुटाए गए। इसमें गुजराती और मध्य प्रदेश से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दीपावली के बाद गुजरात से काफी संख्या में श्रद्धालु नाथद्वारा और सांवरा सेठ के दर्शन के लिए आते हैं।

श्रद्धालुओं से भरा मंदिर परिसर

मंदिर में शनिवार शाम गोवर्धन पूजा के बाद 15 क्विंटल मालपुए बनाए गए थे। रात को 10 बजे विशेष आरती के बाद सांवरा सेठ को भोग लगाया गया। उसके बाद रात 12 बजे मंदिर मंडल ने मालपुए लुटाए। ग्रामीणों के साथ-साथ बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं की होड़ मच गई। श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर खचाखच भर गया। ओसरा पुजारी ने मंदिर मंडल के अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में मालपुए लुटाए। इसके बाद देवकी सदन धर्मशाला में देर रात 2 बजे तक महाप्रसादी का प्रोग्राम चला। जिसे ब्रह्म भोज कहा जाता है। यहां 30 से 35 तरीके की सब्जी बनाई जाती है। इसके बाद गांव में घर घर मालपुए के प्रसाद का पैकेट वितरण किया जाता है।

युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर की आत्महत्याःपत्नी के चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे लोग, मातम में बदली त्योहार की खुशियां

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के सदर थाना क्षेत्र के पालबड़ा गांव में एक युवक ने घर के पास पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग खेतों पर गए हुए थे। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाने के हैड कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार ने बताया की पालबड़ा निवासी नितेश फ़नात ने रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया है की वह किसी काम से खेरवाड़ा गया था। वहीं, परिवार के लोग खेतों पर गए हुए थे। उसका भाई देवीलाल फ़नात घर पर अकेला था। जब देवीलाल की पत्नी खेतों से लौटी तो देवीलाल घर के पास बबूल के पेड़ से लटका हुआ था। पति को फंदे से लटका देख वह चिल्लाई। जिस पर परिवार के लोग अन्य लोग भी मौके पहुंचे।

देवीलाल को फंदे से नीचे उतारा और उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आये। जहां परा डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आशाराम बापू के साधकों ने किया भंडारे का आयोजन, हजारो लोगों ने लिया भंडारे व हरिनाम सत्संग का लाभ



24न्यूज अपडेट

गोगुन्दा। आशाराम बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदान्त सेवा समिति राजस्थान व राजस्थान समिति सूरत की ओर से शिष्या साध्वी ज्योत्सना बहन के सान्निध्य में दीपावली निमित्त प्लायापीपला (गोगुन्दा) में गरीबों में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गरीबों में परात, कम्बल, कपड़े, चप्पल, टॉस, खाद्य तेल, साबुन, चावल, जुराब, कैलेंडर, टोपी, लॉकेट, साहित्य, रेडीमेड वस्त्र, आँवला मुरब्बा व अन्य जरूरतमन्द सामग्री के साथ दक्षिणा भी दी गई। साध्वी ज्योत्स्ना बहन ने बताया कि पूज्य बापूजी के आश्रमों द्वारा गरीबों में भंडारे के अलावा अनेकां सेवा कार्य होते हैं। जैसे युवाओं के उत्थान के लिए युवा सेवा संघ, बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र, महिलाओ के लिए महिला उत्थान मंडल, मातृ-पितृ पूजन दिवस, तुलसी पूजन दिवस, कैदी उत्थान कार्यक्रम, गीता भागवत सत्संग कार्यक्रम, गौशालाएं। समिति प्रवक्ता चाम्पाराम ने बताया कि भंडारे का हजारों जरूरतमंद लोगों ने लाभ लिया। आशाराम बापू बताते है कि अपने घर की आवश्यकता तो हर कोई पूरी करता तो लेकिन जो साधनों से रहित पड़ोसियां, गरीबों के घर की आवश्यकता को यथासम्भव पूरा करता है वही सच्चा सेवाभावी मनुष्य है। बापूजी के इन श्रीवचनों को ध्यान मे रखकर हर त्यौहार, पर्व व आवश्यकता अनुसार बापूजी के साधक विश्वंभर में गरीबों में भंडारे करते रहते हैं। वर्षभर हमारे सनातन संस्कृति में "वसुधेव कुटुम्बकम" की भावना का आहवान किया गया है। संसार मे लोग केवल अपने आनंद, अपने परिवार की जरूरत पूरी कर खुशी अनुभव करते हैं परंतु बापू के प्यारे तो "सब सुखी सम्पन्न रहे" की भावना से कहीं गरीबों मे भंडारे तो कहीं कीर्तन यात्रा तो कहीं कत्लखाने मे जा रही गायों को बचना तो कहीं कैदी उत्थान कार्यक्रम जैसे अनेकों समाज उत्थान कार्य करते रहते है। इस दौरान लोगो ने गीता भागवत सत्संग श्रवण किया तथा सभी को भोजन प्रसाद भी करवाया गया।

शॉर्ट सर्किट से दुकान में भीषण आगःट्यूब-टायर जलने से दुकानदार को लाखों रुपए का नुकसान



24 न्यूज अपडेट

आसींद. आसींद में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित बाबा रामदेव साइकिल एंड टायर ट्यूब की दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस आग में लाखों रुपए के टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर गाड़ियों के टायर, ट्यूब, साइकिल के टायर, स्पेयर पार्ट्स, और मशीनरी जलकर राख हो गए। दुकानदार महावीर जोशी ने बताया कि दीपावली के दिन शाम को पूजा करने के बाद वह घर चले गए थे और दीपावली के दूसरे दिन वह गांव में ही थे। उन्होंने बताया कि वह रोज की तरह शाम को अपनी दुकान बंद करके अपने गांव जगपुरा गए थे। रविवार देर रात लगभग 2 बजे आसपास के लोगों ने उन्हें फोन पर आग लगने की जानकारी दी। वह तुरंत मौके पर पहुंचे। महावीर ने कहा कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मौके पर पास में स्थित मनोज रेगर का सर्विस सेंटर और नगर पालिका की दमकल ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों के कारण पूरी दुकान जल गई। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महावीर ने बताया कि यदि आग लगने की जानकारी आसपास के लोगों को नहीं मिलती, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी, क्योंकि रिलायंस पेट्रोल पंप पास में था।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।